# युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी



-ललित गर्ग

राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने तीसरा विश्व युद्ध रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, ह्यमैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा ह्न निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज-संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह ह्यमेक अमेरिका ग्रेट अगेनह्न का नारा



डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये। विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज-व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह-जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है।

अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जाती है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उससे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है।

ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर-कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि ट्रंप की नई टीम अमेरिकी परंपराओं का यथासंभव निर्वाह करते हुए ही देश को फिर से महान बनाएगी। लेकिन इस बार अमेरिकी परम्पराओं में युद्ध एवं हिंसा के स्थान पर शांति, विकास एवं हथियार मुक्ति के संकल्प होना बड़ी एवं राहतभरी बात है। हालांकि, अमेरिका को महान बनाने के अभियान पर कई सवाल भी हैं। क्या अमेरिकी निर्णायकों ने मान लिया है कि अमेरिका अब महान नहीं रहा? इस अभियान के नाम से तो शायद यही लगता है कि अमेरिकी विचारकों ने अपने देश के महान न रह पाने की वजहों का पता भी लगा लिया है। उनकी नजर उन अमेरिकी चालाकियों पर भी निस्संदेह पड़ी होगी, जिनकी वजह से अमेरिकियों की अक्सर आलोचना होती है। इन वजहों में युद्ध एवं हथियारों की होड़ बड़ी वजह रही है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध, हिंसा, आतंकमुक्त नये अमेरिका को विकसित करने एवं विश्व में शांति के संकल्प को देखते हुए अमेरिका को शुरू से ही भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना जीवित लोकतंत्र है, दुनिया में युद्ध एवं आतंक के खिलाफ भारत हमेशा अग्रसर रहा है, युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजाला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते रहे हैं।

ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर होगा, इसे लेकर विशेषज्ञ कई तरह की उम्मीदें जता रहे हैं। जानकारों के मुताबिक, ट्रंप के आने से भारत और अमेरिका के संबंध और गहरे होंगे। चीन को लेकर दोनों देशों की चिंता उन्हें करीब लाएगी। यह ट्रेंड पिछले पांच अमेरिकी राष्ट्रपतियों के कार्यकाल जैसा ही रहेगा। क्वाड और मजबूत होगा। प्रशासन के कई विभागों में भारत के अच्छे संबंध बनेंगे। राजनीतिक और वैचारिक तालमेल भी अच्छा रहने की उम्मीद की जा रही है। इसके साथ ही रक्षा, खुफिया और सुरक्षा मामलों में दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा। टेक्नोलॉजी में सहयोग की संभावनाएं बढ़ने के आसार हैं। सबसे अहम है भारत की युद्ध एवं आतंक मुक्त विश्व बनाने की योजना, इसको लेकर ट्रंप भी आगे आये है जो नये सूरज का अभ्युदय है। लेकिन ट्रंप का नया दौर कहीं मौखिक हमलों या कड़ु उद्गारों तक ही सीमित न रह जाए। इसके लिये जरूरी है कि वह भारत की शांतिपूर्ण नीतियों एवं योजनाओं को अग्रसर करें। भारत सहित तमाम दुनिया यही उम्मीद करेगी कि ट्रंप दुनिया में चल रहे बड़े युद्धों और छद्म युद्धों को रोकने में सफलता हासिल करें साथ ही आतंकवाद के खिलाफ ईमानदार रवैया अपनाये ताकि नई उभरती दुनिया में अमेरिकी सचमुच महानता का वरन कर सके।

# डिजिटल युग में फेक न्यूज का खतरा अब धर्म के क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है



अशोक भाटिया

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए पेश बजट में केंद्रीय सार्वजनिक कंपनियों (सीपीएसयू) के विनिवेश और उनके निजीकरण को लेकर रोडमैप पेश किया गया था, जिसके तहत रणनीतिक सेक्टर को छोड़ अन्य सभी सेक्टर के पीएसयू के निजीकरण की घोषणा की गई थी। वित्त मंत्रालय ने तब आइडीबीआई बैंक के अलावा दो अन्य सरकारी बैंक और एक सरकारी बीमा कंपनी के निजीकरण का प्रस्ताव रखा था। इनमें बीपीसीएल (इढउछ) के अलावा बीईएमएल (इएटछ), शिपिंग कॉर्प (ॅँस्र्स्रल्लॅ उङ्म१स्र), पवन हंस (ढं६ल्ल ऌंल्ल२), सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक (उील्ल३१ं' ए'ीउ३१ङ्मल्लू) और नीलांचल इस्पात (ठीं'ल्लूँ' कर्स्रं३) शामिल हैं। बीपीसीएल के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। अब देखा जाय तो धीरे ह्न धीरे सरकारी निजीकरण की जो आँधी में बहने के लिए तैयार है भारतीय डाक तार विभाग का पोस्ट ऑफिस भी ! वैसे अभी जो हालात बताते है कि इसकी शुरूवात हो चुकी है।

आज देखा जाय तो चाहे बड़े शहर हों, छोटे शहर हों, गांव हों या गांव। हर जगह का पोस्ट ऑफिस आम आदमी के लिए स्नेह का स्थान बन जाता है। क्यों? इसलिए यह विभाग जनता को कई अंतरंग सेवाएं प्रदान करता है। आम जनता के बीच डाक विभाग के साथ अंतरंगता विकसित करने का पहला कारण विश्वसनीयता है, चाहे वह पत्र हो या पैसा; वे किसी भी क्षेत्र, यहां तक कि दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंच जाएंगे।

दूसरा कारण है कुछ सेवाओं की मामूली या बहुत सस्ती दरें। इसके थोड़ा भावुक होने का तीसरा कारण है पोस्ट ऑफिस की सरलता। पोस्ट ऑफिस को ध्यान में लाइए। कर्मचारियों की समग्र बुनियादी संरचना सादगी में देखी जाएगी। आम आदमी के मानसिक, भावनात्मक और व्यावहारिक जीवन के साथ पोस्ट ऑफिस के रिश्ते का एक सांस्कृतिक पहलू रहा : 'बुक पोस्ट'!

सरकार द्वारा 18 दिसंबर, 2024 को डाकघर अधिनियम, 2023 के तहत दशकों पुरानी सेवा बंद कर दी गई थी, जिसने निमंत्रण, शादी के कार्ड, ग्रीटिंग कार्ड, पैम्फलेट, बुकलेट और सबसे महत्वपूर्ण, सभी प्रकार की पुस्तकों को रियायती दर पर भेजने की अनुमति दी थी। मुद्रित पाठ के साथ कोई लिखित पाठ नहीं होना चाहिए, और मुद्रित आइटम को एक लिफाफे में बंद नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन खुला होना चाहिए।

किताबें समाज की उन्नति में बड़ी भूमिका निभाती हैं। किताब पढ़ने के परिणाम तत्काल नहीं होते हैं। लेकिन किताबें एक परिपक्व समाज के निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। किताब पढ़ने के लाभ व्यापक, दूरगामी हैं। विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर पुस्तकें सूचना, विचारों के ज्ञान और मनोरंजन के माध्यम से समाज को प्रबुद्ध करती हैं। हालांकि, कुछ लोग आश्चर्यचकित हो सकते हैं कि पुस्तकों का महत्व सर्वविदित है। बुक पोस्ट सेवा बंद होने से किताबों के प्रसार पर क्या बड़ा फर्क पड़ेगा?

ये सच है कि कूरियर सेवा ने बहुत सारे पैर फैलाए हैं। बहुत से लोग इस सेवा का उपयोग करते हैं। फिर भी पद के महत्व का एक कारण वित्तीय है और दूसरा देश के हर कोने में फैले डाक खातों का नेटवर्क है। पत्र, पैसा, किताबें देश के किसी भी कोने से आ और पहुंच सकती हैं। डाक विभाग दूरस्थ क्षेत्रों के रूप में सेवाएं प्रदान करने से इनकार नहीं कर सकता है। कूरियर सेवा दूरस्थ क्षेत्रों की सेवा के लिए बाध्य नहीं है।

दूसरा प्रश्न यह है कि जब पुस्तकें भेजने के लिए डाक की पार्सल सेवा है तो पुस्तक डाक सेवा बंद करने से पुस्तक प्रसार पर क्या विपत्ति आएगी? - वास्तविक प्रश्न लागत का है। 250 ग्राम की एक पुस्तक की कीमत 250 ग्राम की पुस्तक के लिए बीस रुपये और 1 किग्रा वजन की पुस्तक के लिए 40 रुपये होती थी। तो यह एक किलो के लिए 92 रुपये होगा, जो अंतर के दोगुने के करीब है और हमारे पास एक पाठक वर्ग है जो इस बढ़ी हुई लागत के कारण किताबों से दूर जाना अपरिहार्य बना देगा।

पुस्तक डाक सेवा दशकों पहले शैक्षिक, सूचनात्मक, वैचारिक और दिलचस्प पुस्तकों के लिए समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचना आसान बनाने के व्यापक उद्देश्य के साथ शुरू की गई थी। बुकपोस्ट सेवा बंद होने से पुस्तकों के बारे में हतोत्साहित हो सकता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। गौरतलब है कि आज देश भर में निजीकरण की जो आँधी चल रही है, जिसमें सभी सरकारी सेवाओं का बहुत तेजी से निजीकरण हो रहा है। भारतीय डाक विभाग में भी यह प्रक्रिया काफी पहले से ही शुरू हो गई थी, लेकिन लगता है कि सरकार ने अब इसे पूरी तरह से प्राइवेट कोरियर कंपनियों को सौंपने का अपना मन बना लिया है। हाल ही में डाक विभाग ने सस्ती रजिस्टर्ड बुक पोस्ट सेवा समाप्त कर दी है तथा इसे एक नया नाम दिया गया है, जिसकी दरें पार्सल से तो कम होंगी, लेकिन अब तक जारी बुक पोस्ट के मुकाबले करीब ढाई से तीन गुना ज्यादा होगी। अभी पिछले साल ही नवम्बर में सभी डाक सेवाओं पर 18% जीएसटी लगा दिया गया था, जिससे डाक से पुस्तकें भेजना पहले ही से काफी महंगा हो गया था। कहने की जरूरत नहीं है कि अब छोटे प्रकाशकों, पुस्तक विक्रेताओं, लेखकों और सम्पादकों के लिए किताबें डाक से भेजना बहुत मुश्किल हो गया है । इसका सबसे ज्यादा प्रभाव छोटे और गैर-व्यवसायिक प्रकाशकों और पत्र-पत्रिकाओं पर पड़ रहा है, जो पहले ही से कागज और छपाई की अत्यधिक मूल्यवृद्धि के कारण बेतहाशा बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं। वैसे यह होना बहुत आश्चर्यजनक नहीं है , क्योंकि देश भर में जो निजीकरण की आँधी चल रही है, उसमें रेलवे तथा बैंकिंग सेक्टर की तरह लम्बे समय से भारतीय डाक विभाग का भी निजीकरण करके उसे पूर्णतः प्राइवेट कंपनियों को सौंपने का उपक्रम लगातार जारी है। एक तरफ कीमतें बढ़ाई जा रही हैं, दूसरी तरफ पिछले कुछ सालों से डाक सेवाओं को पूरी तरह से तबाह किया गया है। नयी नियुक्तियाँ बिलकुल बंद हैं। अधिकाधिक काम ठेकों पर कराए जा रहे हैं, इसलिए कर्मचारियों पर काम का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। भारतीय डाक सेवा की स्थापना के करीब 170 साल बीत गए। 1 अक्टूबर 1854 को तत्कालीन भारतीय वायसराय लार्ड डलहौजी ने इस सेवा को केन्द्रीकरण किया था, उस वक्त ईस्ट इंडिया कंपनी के अंतर्गत आने वाले 701 डाकघरों को मिलाकर भारतीय डाक विभाग की स्थापना हुई थी। वारेन हेस्टिंग्स ने कोलकाता में प्रथम डाकघर वर्ष 1774 में स्थापित किया था। अंग्रेजी राज में ही पूरे देश में डाक सेवा का जाल बिछाया गया। सूदूर ग्रामीण, पर्वतीय और रेगिस्तानी इलाकों तक में डाकघरों की स्थापना की गई। आजादी के बाद डाक और टेलीग्राम सेवा का काफी विस्तार हुआ। लद्दाख में देश के अंतिम गाँव तक ; जहाँ आबादी बहुत कम है, वहाँ भी डाक-तार विभाग की स्थापना की गई। दुर्गम पर्वतीय इलाकों में जहाँ की आबादी बहुत कम है, वहाँ भी पत्र पहुँचाने पोस्टमैन जाते थे। गाँव? में तो पोस्टमैन से ?एक? आत्मीय रिश्ता तक बन जाता था, क्योंकि जब साक्षरता कम थी, तब पोस्टमैन ही चिट्ठी लिखते भी थे और पढ़कर सुनाते भी थे। सुख-दुःख की खबर पहुँचाने के लिए टेलीग्राम की बहुत उपयोगिता? थी, हालाँकि 14 जनवरी 2013 को टेलीग्राम सर्विस बंद कर दी गई। इसके लिए यह तर्क दिया गया कि मोबाइल और ई-मेल आ जाने के बाद इसकी उपयोगिता अब समाप्त हो गई है, हालाँकि बहुत से विकसित देशों तक में यह सेवा अभी भी चल रही है। पहले बहुत जरूरी कागजात रजिस्टर डाक से भेजे जाते थे। मैं खुद वसई से दिल्ली के अखबारों में छपने के लिए लेख साधारण लिफाफे में रखकर भेज देता था। वह दो-तीन दिन में पहुँच जाता था,शायद ही कोई पत्र गायब हुआ हो। दिल्ली में एक लेखक और सम्पादक बता रहे थे कि दिल्ली में एक दिन में दो बार पत्र बाँटे जाते थे।? रक्षाबंधन और नववर्ष के अवसर पर राखियाँ तथा शुभकामना संदेश पहुँचाने के लिए अस्थायी पोस्टमैन तक रखे जाते थे। आज हालात ये हैं कि रजिस्टर्ड डाक दिल्ली तक में दो-तीन दिन में मिलती है।? जब स्पीड पोस्ट की शुरूआत हुई,तब यह कहा गया कि देश के किसी भी कोने में पत्र 24 घंटे में पहुँच जाएगा।? उस समय रात में भी स्पीड पोस्ट पहुँचाने के लिए घरों तक डाक विभाग की गाड़ी आती थी। अब रजिस्टर्ड पोस्ट और स्पीड पोस्ट में कोई अन्तर नहीं रह गया है। अब चौबीस घंटे तक छोड़िए, दो-तीन दिन तक एक ही शहर में स्पीड पोस्ट पहुँच? जाए, तो बहुत बड़ी बात है। अकसर ऐसा होता है कि रजिस्टर पैकेट पोस्ट ऑफिस में पड़े रहते हैं, पोस्ट ऑफिस से पता लगता है कि इसको वितरित करने वाला पोस्टमैन नहीं है, आप चाहें तो आकर अपने पैकेट ले जाएँ। मैं तो अकसर अपने पैकेट लेने के लिए पोस्ट ऑफिस जाता हूँ। टेक्नोलॉजी का विकास होने के साथ-साथ निश्चित रूप से लोग पत्र कम लिख रहे हैं, फिर भी डाकघर का महत्त्व अभी भी कम नहीं हुआ है। सरकारी और प्राइवेट सेक्टर की ढेरों डाक सामग्री डाकघरों से जाती हैं, लेकिन सरकार ने योजना के तहत अब डाक विभाग की स्थिति ऐसी कर दी है कि अब तो सरकारी विभाग भी डाकघरों से मुख मोड़ रहे हैं और अपनी सामग्री प्राइवेट कोरियर सर्विस से भेज रहे हैं।? आजकल अधिकांश सरकारी और प्राइवेट बैंक चेकबुक-एटीएम आदि सामग्री प्राइवेट कोरियर सर्विस से ही भेज रहे हैं।? धीरे-धीरे ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि डाक सेवाओं का पूरी तरह से निजीकरण कर दिया जाए। अब सरकार का सारा ध्यान डाकघर के बैंकिंग सेक्टर पर है, इससे सम्बन्धित ढेरों योजनाएँ आ रही हैं तथा बचे-खुचे कर्मचारी उसी के कामों में लगे रहते हैं। बैंकों की तरह डाकघर में भी नियुक्तियाँ बंद हैं तथा ठेके पर ही कर्मचारी रखे जा रहे हैं। डाक सेवाओं का निजीकरण बड़ी कोरियर कंपनियों को फायदा पहुँचाने? के लिए किया जा रहा है। जो लिफाफा देश के किसी भी भाग में पाँच या दस रुपए में पहुँच जाता था, अब उसे कोई भी कोरियर सौ रुपए से कम में नहीं पहुँचाता है। डाक सेवाओं के निजीकरण से सबसे ज्यादा नुकसान देश के ग्रामीण इलाकों का हुआ है। वहाँ सस्ते में पत्र और किताबें पहुँचाना अब असम्भव हो गया है, क्योंकि अधिकांश बड़ी कोरियर कंपनियों की पहुँच गाँव तक नहीं है। वास्तव में उदारीकरण और निजीकरण की नीतियों से समाज के छोटे-मझोले और गरीब तबकों की ही तबाही और बरबादी हो रही है। डाक सेवाओं के निजीकरण से इन्हीं तबकों के छोटे व्यापारियों, प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है।

# दिल्ली के चुनावी महाभारत का अर्जुन कौन?



-विक्रम दयाल

-विक्रम दयाल

देश की राजधानी दिल्ली में चुनाव प्रचार जोरों पर है. मैदान में उतरने वाली पार्टियाँ और सत्ता पक्ष दोनों अपने अपने चुनावी वादों की रेवड़ियां, अगर वे चुनाव जीत जायेंगे तब जनता को देने के लिए अपनी ताल ठोंक रहे हैं. कोई अटोवालों को कोई धोबियों को, कोई शिक्षा ग्रहण कर रहे स्कूली बच्चों को कोई न कोई फायदा या मुफ्त पैसे देने की घोषणायें कर रहे हैं. कोई झुग्गी झोपड़ियों. में रहने वालों के लिये पक्के घर रहने के लिए दे रहे हैं. बात सच कब होगी अगर वे जीत गये तो? नेताओं की नजर कुर्सी पाने के लिए बेताब है? जब जब वोट मांगने नेता लोग मैदान में उतरते हैं तब तब नेताओं के वादों की पोटली क्यों खुलती है? इसके पहले क्यों वादे नही करते हैं. क्यों नेताओं का ध्यान गरीबों की तरफ, बेसहारा लोगों की तरफ, नही जाता है? जनता से वोट पाने के लिए और कुर्सियाँ हासिल करने के लिए नेता लोग कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं?. दिल्ली का चुनाव हो या और कहीं का चुनाव हो, नेताओं के बड़े बड़े वादे तभी जनता के समक्ष क्यों आते हैं? कोई भी दल किसानों की मांग पर कोई बात नही कर रहा है. किसान भाई कितने दिनों से अपनी मांग मनवाने के लिए धरने पर बैठे हैं, मगर उनकी मांगों पर कोई विचार हमारे देश की सरकार नही कर रही है. देश मंहगाई की मार से व्यथित है? मगर उसपर कोई विचार नही किया जा रहा है? पढ़े लिखे नौजवान नौकरियाँ पाने के लिए व्याकुल इधर उधर दर दर भटक रहे हैं? उनके लिए कोई बात नही कर रहा है. यह बात दिल्ली की ही नही है. जहाँ जहाँ चुनाव हो रहें हैं उन सभी शहरों की यही हाल है. चुनावी मैदान में हर उतरने वाली पार्टियाँ एक दूसरे पर खूब जमकर बड़े से बड़े आरोप प्रत्यारोपण कर रही हैं. एक दूसरे पर गंभीर आरोप भी मढ़ रहे हैं. टीवी वाले, और अन्य समाचार पत्र वाले उनके भाषणों को मतदाता तक पहुँचाने में अपनी पूरी ताकत का इश्तेमाल कर रहे हैं. जो बुजुर्ग नेता अब इस दुनियाँ से चले गये हैं, और आज के नौजवान और मतदाता उनको जानते तक नही हैं. आज उन नेताओं के गुजरे हुए समय के चर्चे, उनके जवानी के करिश्में, लोगों को बताये जारहे हैं. जिनके कारनामें से आज के समय में कुछ भी लेना देना नही है. किसी भी गुजरे हुए नेता की कहानी या किस्से को अब आज बताने की क्या जरूरत है? पक्ष और विपक्ष के नेता जो चुनाव में खड़े हुए हैं उनको तो आजके मतदाताओ को सही मार्ग दिखाने की जरूरत है? देश में घटित घटनाओं से निजात दिलाने की जरूरत है. बढ़ती हुई मंहगााई को कम करने के उपाय बताने की जरूरत है. देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी को काबू में करने की बात बतानी चाहिए. मंहगी से मंहगी होती सब्जियों को सस्ती कैसे मिलेगी इसपर बात करनी चाहिए. मगर ऐसी बातें नेता लोग चुनावी मैदान में नही करेगें. और नही करते हैं? मतदाताओं को लुभाने के लिए दोनो पक्षों की तरफ से अजीबो गरीब नारे लगाये जारहे हैं. मुख्य मुद्दा आजकी बढ़ती हुई मंहगाई का है. मंहगाई से जूझ रही जनता को मंहगाई से निजात दिलाने की बातें आजके चुनावी दंगल में नही होरही है. बढ़ती हुई बेरोजगारी पर बातें नही हो रही हैं. नेता लोग वही बात करेगें जिन बातों से जनता का कोई भला होने वाला नही है. केवल ध्यान भटका कर ताली बजवाने की फिक्र उन्हें ज्यादा रहती है. एकदूसरे नेता को खूब बदनाम करने की, और नीचा दिखाने की बातें हो रही है. जिसे जनता सब देख रही है.

चुनाव हो रहे हैं. एक शेर दूसरे शेर को पटखनी देने के लिए नये नये पैतरें बदल रहें हैं. रोज नये नये आरोप लगाये जारहें हैं और एक दूसरे को बदनाम किया जा रहा है. नये नये हथकंडे भी अपनाये जा रहे हैं. चुनाह के महीने में ही अधिक से अधिक घोषणाएं वोट लेने के लिए होरही है. चुनाव के पहले कोई भी नई घोषणा नही होती है. चुनाव आते ही नये नये कार्यों की घोषणायें शुरू होने लगती है. दोनों पक्षों के शेर अब मैदान में अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं. किन किन लोगों के सिर पर जीत का सेहरा बधेगा वह तो नतीजे आने के बाद ही समझ में आयेगा. महाकुंभ का पवित्र स्नान शुरू है. साधु संतों के स्नान और ऋषि मुनियों और योगियों के स्नान भी हो चुके हैं. बड़े से बड़े नेता लोग भी कतार में हैं. सब लोग महाकुंभ में पवित्र डुबुकी लगाकर अपने अपने पापों से मुक्ति पाजायेंगे. अंदाजों का बाजार भी अब गरम हो गया है. पक्ष और विपक्ष के अपने अपने आकलन हैं। लेकिन राजनितिज्ञों का आकलन तो सबसे अलग ही है. ईश्वर और किस्मत पर भरोसा करने वाले नेता मंदिरों और मस्जिदों के चक्कर भी लगायेंगे. जो नेता समाज के लिए कुछ अच्छा कार्य किये हैं वह अपने कर्म पर भरोसा कर रहे हैं. क्योंकि उन नेताओं के द्वारा किया हुआ काम जनता की नजर में नजर आरहा है, और चुनावी जीत का उनको ही पूरा भरोसा है. शेर तो सभी नेता है. मगर जिसके सिर पर जीत का सेहरा बधेगा वही नेता चुनावी महाभारत में जीत का सेहरा पहनेगा. और दिल्ली की चुनावी महाभारत का अर्जुन कहलायेगा?

# साहसी व पराक्रमी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस



-रमेश सर्राफ धमोरा

## 23 जनवरी जयन्ती पर विशेष

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 127 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था।

1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे। 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोडने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।



1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबियत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ। चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बबताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई। जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनी। नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा दिया। खून भी एक दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इंफाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधी जी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन 1946 के नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतन्त्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा। विश्व इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जहां 30-35 हजार युद्ध बंदियों को संगठित, प्रशिक्षित कर अंग्रेजों को पराजित किया। पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया। रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। नेताजी की मृत्यु के संबध में विवाद बना हुआ है कि 18 अगस्त 1945 के बाद का सुभाषचन्द्र बोस का जीवन-मृत्यु आज तक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है।

# सूचनाएं देने में टालमटोल करें अधिकारी तो खटखटाएं सूचना आयोग का दरवाजा: वीरेंद्र सिंह वत्स

## राज्य सूचना आयुक्त ने दलित बस्ती में जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र प्रताप सिंह वत्स ने जौनपुर स्थित डाक बंगले में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आरटीआई भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का सशक्त माध्यम है। यदि कोई अधिकारी मांगी गई सूचनाएं देने में टाल -मटोल करता है या समुचित सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराता है तो निश्चित तौर पर कहीं न कहीं कोई गड़बड़ी होती है। ऐसे में राज्य सूचना आयोग में अपील करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री वत्स ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के पावन पर्व के वैश्विक स्तर पर पड़ने वाले प्रभाव के सवाल पर कहा कि महाकुंभ का प्रभाव वैश्विक मानस पटल पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महाकुंभ को सरकार के सार्थक प्रयास से विश्व स्तर पर पहचान मिली है। उन्होंने महाकुंभ को सामाजिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संगम बताया। इससे पूर्व राज्य सूचना आयुक्त रविवार को मड़ियाहूं तहसील स्थित अटरिया गांव निवासी संजय सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुचें। इसके उपरांत ग्राम मीरपुर बेलवा बाजार, शीतलगंज स्थित अनूप सिंह गोलू के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। राज्य सूचना आयुक्त के द्वारा दलित बस्ती में जाकर गरीब, आसहाय एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा ईश्वर की सेवा है। असहाय, शोषित, जरूरतमंद और लाचार व्यक्ति इस धरती पर ईश्वर के दूसरे रूप हैं। उन्होंने समाज के समृद्धशाली लोगों से ऐसे लोगों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। दलित बस्ती में रहने वाली सीता के बने हाथों का खाना खाकर राज्य सूचना आयुक्त भावुक हो उठे। बताया कि गरीबों के निस्वार्थ और निश्छल प्रेम में ईश्वर बसते हैं। राज्य सूचना आयुक्त ने इस दौरान समाज के कमजोर वर्ग की मदद के लिए लगातार प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय जाति धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज की संयुक्त जिम्मेदारी है कि हम हर व्यक्ति को सम्मान का दर्जा दे और अवसर प्रदान करें ।ताकि वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें। इसके उपरान्त भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगत नारायण दुबे के यहां आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य भारत यदुवंशी, सोनू सिंह, चंदन सिंह गोलू, आसिफ, पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ. शैलेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनीश, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दलित के घर भोजन कर भावुक हो उठे राज्य सूचना आयुक्त



# चौकियां माई के श्रृंगार महोत्सव की तैयारी शुरू

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। देश की प्रसिद्ध मंदिरों में एक सिद्धपीठ माता शीतला मंदिर चौकियां धाम का श्रृंगार महोत्सव दिनांक 23,24,25 जनवरी को होगा जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है पूरे मंदिर परिसर को सुन्दर भव्य रूप से सजाया जा रहा है कोलकाता के कारीगरों द्वारा माता शीतला श्रृंगार सजावट फूलों द्वारा किया जा रहा है आयोजन समिति के लोगो ने जिलाधिकारी जौनपुर डॉ दिनेश चन्द से मिलकर आमंत्रित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया। चौकियां धाम का निरीक्षण सिटी मजिस्ट्रेट, सी ओ सिटी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अन्य अधिकारी ने निरीक्षण किया और उचित आदेश दिया। श्रृंगार में लाखों भक्त दर्शन करने आते है। प्रातः 5 बजे मंदिर खुलने से रात्रि 9 बजे तक दर्शन पूजन श्रद्धालु कर सकेंगें। समस्त कार्यक्रम का आयोजन श्री शीतला जी मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा । चौकियां मंदिर के मंहत विवेकानंद विवेक गुरुजी ने बताया कि महोत्सव का सारा खर्च श्री शीतला जी मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा किया जाता हैं ट्रस्ट के अध्यक्ष विकास पड़ा, प्रबंधक अजय पंडा, पुजारी लल्लन पंडा, माता के भक्त राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट, महंत विवेकानंद पंडा मंदिर अध्यक्ष विकास पंडा प्रबंधक अजय पंडा, पुजारी लल्लन पंडा व चंद्रदेव पंडा, दिनेश पंडा, जय नारायण पंडा, भरत श्याम पंडा, प्रवीण पंडा एवं ट्रस्ट के लोग तैयारी पूर्ण करने में लगे हुए है।



# कैरियर गाइडेन्स मेला का हुआ आयोजन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। समग्र शिक्षा माध्यमिक जनपद जौनपुद के द्वारा कैरियर गाइडेन्स मेला रजा डी०एम० शिया इण्टर कालेज, जौनपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चन्द्र ने कैरियर के बहुआयामी तत्वों पर प्रकाश डाला, स्वास्थ्य को सर्वोपरि बताते हुए वर्तमान के विभिन्न कैरियर्स हेतु प्रोत्साहित किया ।विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेन्द्र सिंह, कीर्ति चक्र ने सरकार द्वारा सुरक्षा सेवा में चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही अग्निवीर योजना पर भी विस्तृत मार्ग दर्शन दिया। डॉ० जयेश सिंह ने बच्चों को चिकित्सा सेवा के बारे में विस्तार से बताया। जिला रोजगार अधिकारी जे०पी० पासवान ने सेवायोजन के बारे में प्रकाश डाला। जिला प्रोबेशन अधिकारी बृजेश पाण्डेय ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं पर विशेष बल दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डॉ० गोरखनाथ पटेल ने व्यसन से दूर रहकर नियमित अध्ययन को ही सफलता की कुंजी बताया। सह जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार सिंह एवं राजेश यादव ने अतिथियों का शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राहुल राज मिश्र ने किया। आगन्तुक अतिथियों ने जिला समन्वयक डॉ० राजन सिंह द्वारा आहूत समस्त माध्यमिक विद्यालयों के स्टाल का अवलोकन किया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने सभी आगन्तुक अतिथियों व सभी विद्यालयों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, नोडल शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा 30 दिवसीय नि:शुल्क सौंदर्य प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन

## ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों और महिलाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं: बृजेश सिंह प्रिंसू

**रियाजुल हक खान**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम मे अग्रणी संस्था अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा महिलाओं और बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 30 दिवसीय सौंदर्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 15 दिसंबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक निखार ब्यूटी पार्लर खुझी मोड हिसामपुर रोड डोभी प्रशिक्षण केंद्र में सम्पन्न हुआ! कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंसू और विशिष्ट अतिथि पद्मिनी सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया। कार्यक्रम के स्वागत में ट्रस्ट के अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने ट्रस्ट द्वारा निरंतर किए जा रहे कार्यों का पूरा संक्षिप्त परिचय दिया। मुख्य अतिथि बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों और महिलाओं को प्रमुखता से प्रशिक्षित करने का कार्य अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य है जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों और महिलाओं को जागरुक करना और उनके अधिकारों के लिए आगे आकर कार्य करना बहुत ही पुनीत कार्य है।



# तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए हुआ भूमि पूजन, 30 लाख की लागत से होगा कायाकल्प

बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बदलापुर नगर पंचायत में वार्ड नंबर 3 बरौली में रामू खरवार के मकान के सामने तालाब के सुंदरीकरण के लिए वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह के सौजन्य से प्रतिनिधि वैभव सिंह द्वारा भूमि पूजन किया गया जानकारी देते हुए सिंह जी ने बताया कि यह तालाब 30 लाख की लागत से बनेगा जिसमें प्रथम किस्त 15 लाख रुपया शासन द्वारा मिल गई है। इस तालाब के बन जाने से आसपास के लोगों को लाभ होगा एवं वातावरण शुद्ध होगा इस अवसर पर सभासद लक्ष्मण सिंह, राजेश साहू, संदीप शुक्ला, हरिनाथ मौर्य, इंद्रजीत, साहब लाल चौधरी, हरगोविंद सिंह, मनीष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



# कैथी टोल प्लाजा पर कार में अचानक लगी आग, लोगों ने कूदकर बचाई जान

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी से गाजीपुर जा रही एक कार में कैथी टोल प्लाजा पर अचानक आग लगी। आग का विकराल रूप देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि कार सवार लोग सुरक्षित हैं। आग का




विकराल रूप देखकर लोग दूर ही खड़े होकर वीडियो बनाते रहे और तस्वीरें लेते रहे। लेकिन, आग का तांडव देख कोई पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। चौबेपुर थाने की पुलिस की मौजूदगी में आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगने के कारण वाराणसी से गाजीपुर हाईवे पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा।

# चेकिंग के दौरान एक किलो चार सौ ग्राम मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खेतासराय पुलिस टीम ने आजमगढ़ सीमा पर लगे बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया ।तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके से पास से 1.4 किलो ग्राम गांजा बरामद होने का दावा की है। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय मयहमराह अनिल कुमार यादव व विनोद कुमार प्रजापति ऑपरेशन प्रवेश के तहत क्षेत्र के आजमगढ़ बॉर्डर सोंगर के समीप चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक झोले में कुछ रखकर ले जा रहा था ।शंक होने पर पुलिस ने रोक लिया ।पूछताछ किया तो अपना नाम अरबाज पुत्र इरशाद (19 वर्ष) निवासी मोहल्ला चौहट्टा खेतासराय बताया। तलाशी के दौरान इसके पास से झोले में रखा लगभग 1 किलो 400 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। जिसके आधार पर विधिक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया।



# मानीकलाँ में ट्रांसफार्मर जलने से दो सप्ताह से अंधेरे में उपभोक्ता

**निशानाथ,** खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बादशाही विद्युत उपकेंद्र के मानीकलां पश्चिम तरफ लक्ष्मीनगर मोहल्ले में स्थापित 25 केवीए का ट्रांसफार्मर दो सप्ताह से जल गया है। इसके बावजूद जला ट्रांसफार्मर अभी तक बदला नहीं गया है। इससे जुड़े दो दर्जन से अधिक उपभोक्ता अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ट्रांसफार्मर न बदले जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। इस ट्रांसफार्मर से जुड़े मानीकला निवासी उपभोक्ता राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि दो सप्ताह पहले 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया। जिससे 27 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित है। इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से की गई। दो सप्ताह बीतने के बाद भी ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया। मोबाइल चार्ज कराने के लिए बाजार में जाना पड़ता है। उपभोक्ताओं से चंदा इकट्ठा करके अब दूसरा ट्रांसफार्मर लाने की व्यवस्था की जा रही है। जेई संजय कुमार से बात करने की कोशिश की गई तो उनका सीयूजी नंबर नहीं उठा। एसडीओ सौरभ मिश्रा से बात करने पर बताया कि अभी जल्द ही उन्होंने चार्ज लिया है। पता कराकर जल्द ही जला ट्रांसफार्मर बदलकर दूसरा स्थापित करा दिया जाएगा।

# डा.शेखावत अली मंसूरी की दसवीं बरसी पर श्रद्धाजंलि सभा आयोजित

**विशाल सोनी,** शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रसिद्ध समाजसेवी डाक्टर शेखावत अली मंसूरी र.ह. के दसवीं बरसी पर नगर के श्रीरामपुर रोड स्थित उनके आवास पर उनके पुत्र डाक्टर जुबेर आलम द्वारा दुआ ख्वानी की गई। और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।इस दौरान वक्ताओं ने उनके सामाजिक कार्य और जनहित के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्व. शेखावत अली को मौलाना वसीउल्ला इलाहाबाद द्वारा प्राप्त उपाधी और मौलाना हलीम रह.अ.गुरैनी द्वारा मिली खिलाफत को भी याद किया गया। इसी मुहल्ले में बीते दस माह के अंदर एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों नसीम अहमद, शमीम अहमद, व वसीम अहमद पुत्रगण नईम अहमद एवं परिवार के दो अन्य नाजनीन व हिना का भी देहांत हो गया। इन सभी दिवंगत आत्माओं के लिए दो मिनट का मौन रख श्रद्धाजंलि अर्पित गयी। इस मौके पर मौलाना मतिउर्रहमान, मसूद आलम, सहित नगर दर्जनों गणमान्य उपस्थित रहे। शोक सभा का संचालन डाक्टर आरिफ नदीम मंसूरी ने किया।

# एपेक्स हॉस्पिटल में 28 मरीजों को मिला नि:शुल्क किडनी रोग और ट्रांसप्लांट परामर्श

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के एपेक्स सुपर स्पैशलिटी हॉस्पिटल के किडनी रोग संस्थान द्वास दो दिवसीय - क्रोनिक गुर्दा रोग व गुर्दा प्रत्यारोपण हेतु निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन हुआ। गुर्दा रोगियों के लिए जागरूकता व उपचार की नई संभावनाओं के उद्देश्य से चेयरमैन- प्रो डॉ.एसके सिंह निदेशक डॉ.स्वरूप पटेल के दिशा-निदेशन में आयोजित शिविर का नेतृत्व अनुभवी ट्रांसप्लांट नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. निवेदिता पडित व ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ.पीके केशरी एवं डॉ. पुनीत कुमार नेकिया, जिसमें चेन्नई के 1000 से अधिक ट्रांसप्लांट अनुभव वाले प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. प्रभु कांची द्वारा डायलिसिस पर निर्भर मरीजों और पुरानी गुर्दा बीमारी से ग्रस्त 28 मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। मरीजों को गुर्दा प्रत्यारोपण की संभावनाओं, प्रक्रिया और इसके फायदों के बारे में जानकारी दी गई। डॉक्टरों ने मरीजों को एपेक्स किडनी रोग संस्थान की विशेषताओं से परिचित कराया, जिसमें ट्रांसप्लांट के लिए समर्पित ऑपरेशन थिएटर (ओटी), अल्फा फि ल्टर से सुसज्जित संक्रमणमुक्त सेपरेट आईसीयू ट्रांसप्लांट से पहले और बाद में उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल, एडवांस्ड रीनल डायग्नोस्टिक एवं पैथोलॉजी, ब्लड बैंक सुविधाएं शामिल हैं। यह शिविर गुर्दा रोगियों के लिए सफल प्रयास रहा।

# अब मनमाने ढंग से नहीं हो सकेगा ट्रैक्टर ट्राली का रजिस्ट्रेशन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश में अब ट्रैक्टर व ट्रॉली का मनमाने तरीके से रजिस्ट्रेशन नहीं हो सकेगा। सबसे ज्यादा मानकों का उल्लंघन ट्रॉली के रजिस्ट्रेशन में हो रहा था। इस पर लगाम लगाने के लिए पांच सदस्यीय समिति ने एसओपी तैयार की है ।इसके लिए मानक भी तय कर दिए गए हैं। बैक लाइट फिटिंग एवं बैक लाइट के कनेक्शन की व्यवस्था ट्रैक्टर से की जाएगी। इसी के साथ अब मानकों पर खरा उतरने वाली ट्रॉली का ही रजिस्ट्रेशन होगा। सड़क सुरक्षा के मानक पूरा किए बिना अब ट्रॉली सड़कों पर नहीं दौड़ सकेंगी। ट्रॉली के निर्माण के समय ही निमार्ता कम्पनी को मानक पूरे करने होंगे। साथ ही इनका उपयोग कृषि कार्य के लिए होगा।



# वेंकटेश हुंडई ने लांच की नयी हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक कार

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विशेषरपुर पंचहटिया में स्थित हुंडई की 35 फैसिलिटी से युक्त वेंकटेश हुंडई के शोरूम में आल न्यू क्रेटा इलेक्ट्रिक कार लॉन्चिंग हुई एस यू वी क्रेटा अब इलेक्ट्रिक भी हो गई है। ये भारतीय ग्राहकों के तकनीकी के मामले में एडवांस प्रोवाइड कराने की हुंडई की प्रतिबद्धतता को दिखाता है। क्रेटा इलेक्ट्रिक कार लगभग 18 लाख की शुरूवाती कीमत पर लांच की गई है क्रेटा इलेक्ट्रिक में 2 बैटरी पैक ऑप्शन उपलब्ध है 51.4 ड्डहल्ल और 42 ड्ढल्ह के साथ 473 ड्ट और 390 ड्ट को शानदार ड्राइविंग एक्सपीरयंस मिलती है क्रेटा इलेक्ट्रिक के सभी वैरिएंट में 52 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर के साथ 75 से ज्यादा एडवांस सेफ्टी फीचर दिए गए है।

क्रेटा इलेक्ट्रिक कार की लांचिंग आईसीआईसीआई बैंक के बिजनेस हेड दिग्विजय सिंह ने फीता काट कर उद्धघाटन किया। लांचिंग के समय वेंकटेश हुंडई के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज कुमार एवं उनके पुत्र लक्ष्य गुप्ता राजा भी मौजूद थे साथ में वेंकटेश हुंडई के जनरल मैनेजर एस. पी. शुक्ला एवं विजय मिश्रा भी मौजूद थे ।लक्ष्य गुप्ता ने बताया कि क्रेटा ब्रांड की सफलता एवं विरासत पर तैयार नयी हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक अत्यधिक नई तकनीकी से भरपूर है वेंकटेश हुंडई के जनरल मैनेजर विजय मिश्रा ने बताया कि क्रेटा इलेक्ट्रिक शानदार एक्सीलेरेसन प्रदान करती है जो मात्र 8 सेकंड में 0-100 ड्ट प्रति घंटा एक्सीलेरेसन के साथ हर यात्री को रोमांचित अनुभव मिलता है। इस मौके पर एस.पी. शुक्ला ने बताया कि हमें भरोसा है कि क्रेटा इलेक्ट्रिक, क्रेटा ब्रांड के विरासत को कायम रखेगी ।बल्कि और इसे ऊपर ले जाएगी क्रेटा इलेक्ट्रिक लॉन्चिंग के समय वेंकटेश हुंडई के समस्त स्टाफ उपस्थित रहें। क्रेटा इलेक्ट्रिक के लांचिंग के समय 11 गाड़ियों कि बुकिंग प्राप्त हुई।



# वाराणसी पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने शासन के निर्देश पर 'हेलमेट नहीं तो तेल नहीं' का किया शुभारंभ

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। वाराणसी पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने शासन के निर्देशानुसार आज दिनांक 21/01/25 को दोपहिया वाहन चालकों एवं सहयात्रियों को जागरूक करने हेतु वी के आटो सर्विस मकबूल आलम रोड पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कमांडेंट होमगार्ड, जिला पूर्ति अधिकारी, इंडियन ऑयल के डिविजनल हेड, परिवहन अधिकारी, इंडियन ऑयल के चीफ मैनेजर सहित जिले के प्रमुख डीलरों ने भाग लिया कार्यक्रम का उद्देश्य दोपहिया वाहनों के चालकों को जागरूक करना और हेलमेट लगाने के फायदे के साथ साथ उसके नहीं लगाने पर दुर्घटना से होने वाले हादसों पर भी वक्ताओं ने जानकारी दी एसोसिएशन के तरफ अतिथियों ने से कुछ हेलमेट नहीं लगाने वाले लोगों को हेलमेट पहना कर शपथ दिलाई कि भविष्य में वो बिना हेलमेट के बाइक नहीं चलाएँगे अतिथियों का स्वागत महामंत्री महेंद्र सिंह, रणविजय सिंह विश्वनाथ शाह और कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद सिंह ने किया।




# सुजानगंज पुलिस चोरी की मोटरसाईकिल के साथ दो को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों/वांछित की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष सुजानगंज के नेतृत्व में थाना सुजानगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना की पर ओम ईंट भठ्ठा, ग्राम सखवट सुजानगंज जौनपुर के पीछे बने खण्डहरनुमा कोठरी से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 10/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण 1.सूर्य पटेल उर्फ भोलार पुत्र रामकेदार पटेल उम्र करीब 22 वर्ष 2.शितला प्रसाद उर्फ करिया पुत्र रामनिहोर पटेल उम्र करीब 30 वर्ष निवासीगण ग्राम मया (जगवतीया) थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर को चोरी की 01 मोटरसाईकिल स्पलेण्टर नं0UP62 CU5486 के साथ दिनांक 21.01.2025 को समय करीब 02.02 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




# झटपट पोर्टल नहीं कर रहा काम, बिजली के नए कनेक्शन लेने वालों को परेशानी

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के बिजली निगम का झटपट पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा है। इससे नए कनेक्शन लेने वालों के लिए परेशानी बढ़ गई है। पोर्टल के जरिये ही आवेदन होता है। इससे लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ता है। बिजली कनेक्शन, मीटर लगवाने आदि कामकाज के लिए उपभोक्ताओं को उपकेंद्रों का चक्कर न काटना पड़े, इसलिए बिजली निगम की ओर से झटपट पोर्टल की व्यवस्था शुरू हुई है। पोर्टल पर आवेदन के बाद संबंधित उपकेंद्र के अधिकारियों की ओर से इसका अग्रसारण कर आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। आवेदन करने के बाद कनेक्शन की स्वीकृति प्रदान की जाती है। लोगों ने बताया कि नए कनेक्शन के लिए आवेदन करने के बाद अब इंतजार करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के कर्मी पोर्टल अपडेट किए जाने की बात कह रहे हैं। अधीक्षण अभियंता प्रमोद गोगानिया ने बताया कि पोर्टल अपडेट हो गया है। इससे लोगों की समस्याएं दूर होंगी।



# गणतन्त्र दिवस पर समस्त आबकारी अनुज्ञापनों को बन्द रखा जाए: विष्णु प्रताप सिंह

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला आबकारी अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह ने समस्त थोक एव फुटकर बिक्री अनुज्ञापी, देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भॉग, ताड़ी एवं सी0एल02, एफ0एल02/2बी, माडलशाप, समिश्रबार को अवगत कराया है कि संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 में दिए गये प्राविधानों के क्रम में अनुज्ञापन की शर्तो में उल्लिखित है कि 26 जनवरी (गणतन्त्र दिवस) के अवसर पर समस्त आबकारी अनुज्ञापनों को बन्द रखा जाए। उक्त के अनुपालन में समस्त अनुज्ञापियों को निर्देशित किया जाता है कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी 26 जनवरी 2025 (गणतन्त्र दिवस) के पावन अवसर पर समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भाँग, ताड़ी की दुकानों एवं सी0एल02, एफ0एल02/2बी, माडलशाप तथा समिश्र बार के अनुज्ञापन बन्द रहेगें। उक्त बन्दी हेतु कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर घायल

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के सिंगरामऊ में मंगलवार शाम को पुलिस और पशु तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए। बछुआर गांव के पास हाईवे पर हुई इस मुठभेड़ में पुलिस ने दोनों बदमाशों के पैरों में गोली मारी। घायल बदमाशों की पहचान बालक दास यादव पुत्र रामजग यादव, निवासी कोहड़ा शाहगंज और पंकज यादव पुत्र रुदल यादव, निवासी बढौना सरपतहा के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह के अनुसार, पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि कुछ पशु तस्कर ट्रक में पशुओं को लेकर वाराणसी की ओर जा रहे हैं। जब बदमाश बछुआर गांव की पुलिया के पास पहुंचे, तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर हमला कर दिया, जिसके जवाब में हुई मुठभेड़ में दोनों बदमाश घायल हो गए। घायल बदमाशों को तत्काल अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने पशुओं से भरे ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कोहड़ा गांव में मारपीट में घायल पांच माह की बच्ची की मौत

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोहड़ा गांव में बीते 8 दिसंबर को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इसमें 5 माह की बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के दौरान बालिका की मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। कोहड़ा गांव का निवासी मोहनलाल प्रजापति नगर में रहकर एक फैक्ट्री में काम करता है। आरोप है कि 8 दिसंबर रात 8 बजे गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोगों ने मोहन प्रजापति के गैर मौजूदगी में उसके घर में घुसकर पुरानी रंजिश के चलते 30 वर्षीर्या पत्नी रीना प्रजापति और 5 माह की पुत्री पारुल को ईंट से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर तीन के खिलाफ केस दर्ज किया था। परिजनों का आरोप है की मारपीट के दौरान 5 माह की पारुल गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना के दौरान हालत गंभीर देखते ही परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया था। सुबह करीब 11 बजे चिकित्सकों इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शव कब्जे में ले लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

